426 मुख्यमंत्री बाढ़ राहत आवासों का वर्चुअल लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी तहसील के 40 ग्रामों में मुख्यमंत्री बाढ़ राहत आवास योजना से निर्मित 400 से अधिक आवासों का ग्राम सोमलवाड़ा से शुभारंभ कर हितग्राहियों को वर्चुअल गृह प्रवेश करवाया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि बुधनी के करीब 40 गाँव गत वर्ष बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए थे। इन गाँवों में मुख्यमंत्री राहत आवास योजना में 626 आवास स्वीकृत किये गए थे, जिनमें से 400 से अधिक आवासों का शुभारंभ कर हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया गया।
- सोमलवाड़ा में हुए गृह प्रवेश कार्यक्रम में अनेकों गाँव वर्चुअली शामिल हुए। प्रत्येक आवास के लिये मुख्यमंत्री राहत के रूप में 95 हज़ार रुपए, शौचालय निर्माण के लिये 17 हज़ार रुपए और मनरेगा से 90 दिन का रोज़गार भी दिया गया था।
- मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर सोमलवाड़ा में मिनी आँगनबाड़ी और स्कूल भवन के निर्माण के साथ नांदमेर से सोमलवाड़ा तक 6 गाँव को जोड़ने वाले मार्ग तथा पुल निर्माण की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गाँव के उत्पादों और हुनर को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिये महिलाओं के स्व-सहायता समूह को प्रशिक्षण देने के साथ बैंक से वित्तीय मदद उपलब्ध कराई जाएगी तथा उत्पादों के क्लस्टर बनाकर मार्केट भी उपलब्ध करवाया जाएगा।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ज़िला कलेक्टर को सोमलवाड़ा सहित अन्य सभी गाँवों में महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक से ऋण और प्रशिक्षण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/virtual-dedication-flood-relief-residences